भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †547

सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

प्रमुख पर्यटन स्थलों का उन्नयन

†547. श्री जगदम्बिका पालः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों को नई प्रौद्योगिकी से उन्नत करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) पर्यटन स्थलों को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य में आने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सरकार देश में आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट विकसित कर रही है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(छ) उत्तर प्रदेश राज्य में रामायण, महाभारत और बौद्ध सर्किट के पूरा होने का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास और आगंतुकों को पूर्ण पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों/संघ क्षेत्र प्रशासनों आदि को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्थाई और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यो के विकास के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के रूप में अब अपनी स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है। (एसडी 2.0) के दिशानिर्देशों में स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग, पर्यटक अवसंरचना हेतु ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों, स्वच्छ प्रौद्योगिकी तक पहुंच, परिसंपत्ति मानचित्रण, डिजिटल

प्रौद्योगिकियों और प्लेटफार्मों, पर्यटक परिवहन आदि के पर्यावरण अनुकूल साधनों के लिए उपकरणों की खरीद हेतु शामिल स्वीकार्य घटकों की उदाहरण सूची में शामिल किया गया है।

(घ): उत्तर प्रदेश सहित देश में घरेलू पर्यटक यात्राओं का विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है।

(ङ) से (छ): पर्यटन मंत्रालय ने आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण अनुबंध-**II** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

प्रमुख पर्यटन स्थलों का उन्नयन के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †547 के भाग (घ) के उत्तर में विवरण

उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में घरेलू पर्यटक यात्राओं का विवरण।

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	डीटीवी 2021
1	तमिलनाडु	115336719
2	उत्तर प्रदेश	109708435
3	आंध्र प्रदेश	93277569
4	कर्नाटक	81333659
5	महाराष्ट्र*	43569238
6	तेलंगाना	32000620
7	पंजाब	26640429
8	मध्य प्रदेश	25554067
9	गुजरात	24525210
10	पश्चिम बंगाल	24325984
11	राजस्थान	21988734
12	उत्तराखंड	19434475
13	जम्मू और कश्मीर	11314920
14	दिल्ली*	10642477
15	केरल	7537617
16	हिमाचल प्रदेश	5632270
17	छत्तीसगढ़	4747417
18	ओडिशा	3742221
19	झारखंड	3383642
20	गोवा	3308089
21	बिहार	2501193
22	हरियाणा	2025450
23	असम	1409161
24	पुदुचेरी	1253213

25	सिक्किम	511669
26	दमन और दीव	463420
27	लेह लद्दाख	303023
28	चंडीगढ़	228809
29	दादरा और नगर हवेली	197802
30	त्रिपुरा	177816
31	मेघालय	154409
32	अंडमान और निकोबार द्वीप समुह	126238
33	अरुणाचल प्रदेश	102915
34	मिजोरम	87232
35	मणिपुर	49371
36	नागालैंड	23968
37	लक्षद्वीप	13500

*: 2019 के डेटा पर 2021/19 के लिए अखिल भारतीय विकास दर लागू करके 2021 के डेटा का अनुमान लगाया गया है

*****

अनुबंध-II

प्रमुख पर्यटन स्थलों का उन्नयन के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †547 के भाग (ङ) से (छ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निमुक्त राशि
1.	केरल	(2016-17)	केरल के पत्तनमथिट्टा जिले में एक आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला-एरुमेली -पंपा-सन्निधानम का विकास।	54.88	27.44
2.	मणिपुर	(2016-17)	श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास।	45.34	43.04
3.	केरल	(2016-17)	श्रीपदमनाथ मंदिर, अर्नमुला - सबरीमाला का विकास	78.08	73.77
4.	बिहार	(2016-17)	कांवरिया रूट: सुल्तानगंज - मोजमा -बांका का विकास।	44.76	42.52
5.	उत्तर प्रदेश	(2016-17)	आध्यात्मिक परिपथ-I (शाहजहाँपुर - इलाहाबाद-बस्ती- अहर-अलीगढ़-	71.91	68.32

			कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशांबी- मिर्जापुर-गोरकपुर - कैराना - डोमरियागंज - बागपत-बाराबंकी - आजमगढ़) का विकास		
6.	उत्तर प्रदेश	(2016-17)	बिजनौर -मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात -बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अंबेडकरनगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रीख - भदोही का विकास	67.51	64.14
7.	राजस्थान	(2016-17)	चूरू (सालसर बालाजी)- जयपुर (श्री सामोद बालाजी, घाटके बालाजी , बंधेके बालाजी) - अलवर (पांडुपोले हनुमानजी, भरथरी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - ढोलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास	87.05	72.23
8.	पुदुचेरी	(2017-18)	कराईकल, यनम और पुडुचेरी का विकास	34.96	30.94

9.	बिहार	(2017-18)	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास।	44.55	42.32
10.	महाराष्ट्र	(2018-19)	वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंह - छोटा ताज बाग - तेलनखंडी - गिराड का विकास	53.96	32.04
11.	उत्तर प्रदेश	(2018-19)	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03	11.43
12.	उत्तर प्रदेश	(2018-19)	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाष्णी मंदिर (डोमरियागंज) का विकास	18.30	16.81
13.	केरल	(2018-19)	शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम-अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्रीसुब्रह्मनिया - चेम्बाझंथी श्री नारायण गुरूकुलम का विकास	66.43	15.57
			कुल	679.76	540.57

*****